

पद्म भूषण के लिए सिंधु के नाम की सिफारिश

नई दिल्ली। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री ने भारतीय बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु (22) को पद्म भूषण अवॉर्ड देने के लिए सिफारिश भेजी है। सिंधु ने पिछले साल रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। हाल ही में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पद्म भूषण अवॉर्ड के लिए महेंद्र सिंह धोनी के नाम की सिफारिश की थी। रुक नहीं रहा है सिंधु की जीत का सिलसिला।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री ने पद्म भूषण के लिए सिंधु का नाम भेजने की पुष्टि की है। सिंधु ने पिछले साल रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। वे दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। सिंधु की जीत का सिलसिला रुक नहीं रहा है। उन्होंने पिछले साल चाइना ओपन सुपर सीरीज प्रीमियर और इंडिया ओपन सुपर सीरीज जीती थी। साथ ही पिछले महीने हुई ग्लासगो वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। सिंधु ने सितंबर में कोरिया ओपन का अपना तीसरा खिताब जीता।

और कौन सी चैंपियनशिप जीती सिंधु ने?

सिंधु तीन बार मकाऊ ओपन चैंपियनशिप जीत चुकी हैं। पिछले साल लखनऊ में उन्होंने सैयद मोदी ग्रां प्री गोल्ड टूर्नामेंट जीता। मौजूदा वक्त में सिंधु दुनिया में नंबर-2 की पोजिशन पर हैं। 2014 में सिंधु ने कॉमनवेल्थ गेम्स, इंचिऑन एशियन गेम्स, उबेर कप और एशिया चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। 2015 में सिंधु को पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

धोनी भी पद्मभूषण के लिए नॉमिनेट

इंडियन टीम के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी को पद्मभूषण के लिए नॉमिनेट किया है। ये देश का तीसरा सबसे बड़ा सिविलियन अवॉर्ड है। ক্সষ্টদ্ধ ने क्रिकेट में कंट्रीब्यूशन को देखते हुए एमएस धोनी का नॉमिनेशन किया। क्रिकेट बोर्ड के एक ऑफिशियल ने इस बात की पुष्टि की है। ऑफिशियल के मुताबिक, इंडियन क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैचों में कैप्टेंसी करने वाले धोनी को पद्मभूषण के लिए नॉमिनेट करने में सभी बोर्ड मेंबर्स एक राय थे।

एमएस धोनी के नॉमिनेशन की ये 2 वजहें बताईं

1) धोनी से बेहतर कोई नहीं
बोर्ड मेंबर ने नाम ना बताने की शर्त पर न्यूज एजेंसी को बताया, मेंबर्स के मन में धोनी के नाम को लेकर कोई शक नहीं था। ऐसा कोई नहीं था, जो धोनी से बेहतर हो और जिसे नॉमिनेट किया जा सकता हो।

2) बेदाग करियर, शानदार रिकॉर्ड
मेंबर के मुताबिक, धोनी का करियर बेदाग है। दो वर्ल्ड कप खिताब (2011 वर्ल्ड कप, 2007 टी-20 वर्ल्ड कप), 10 हजार रन और 90 टेस्ट मैच खेले हैं।

छक्के तो मैं बचपन से मारता आया हूं: पंड्या

इंदौर। भारतीय ऑलराउंडर और लंबे शॉट खेलने की अपनी विशिष्ट क्षमता के कारण तेजी से एक खास पहचान बना रहे हार्दिक पंड्या ने खुलासा किया कि छक्के जड़ना उनके बचपन का शगल रहा है। पंड्या ने कहा कि वह मैदान से बाहर गेंद मारने के लिए हमेशा आश्वस्त रहते हैं। पंड्या की 72 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से खेली गई 78 रन की पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाई।

इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार मौकों पर छक्कों की हैट-ट्रिक लगाने वाले पंड्या ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, छक्के तो मैं पहले भी मारता रहा हूं। अब अंतर केवल इतना है कि मैं उच्च स्तर की क्रिकेट में छक्के लगा रहा हूं। असल में मैं बचपन से ही छक्के लगाता रहा हूं। आपको लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच से मेरा खेल बदला, आप ऐसा मानते हैं तो मुझे कोई दिक्कत नहीं।

28 पारी में 40 छक्के

अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की 28 पारियों में 40 छक्के लगाने वाले पंड्या से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ ओवल में खेली गई 76 रन की पारी से उनके करियर में बदलाव आया है।

आईपीएल में भी स्टार

उन्होंने कहा, इससे पहले आईपीएल में भी मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा था। उससे पहले के सत्र में मैं अच्छा नहीं खेल पाया था लेकिन मैंने कड़ी मेहनत की जिसके दम पर मैं वापसी कर पाया। मैं हमेशा खुद को प्रेरित करता हूं। यह बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट में आत्मविश्वास हमेशा मायने रखता है और मुझे खुद पर विश्वास है कि मैं गेंद को मैदान के बाहर मार सकता हूं।

तीन मौकों पर छक्कों की हैट्रिक

पंड्या ने इस साल पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के दो मैचों में इमाद वसीम और शादाब खान तथा श्री लंका के खिलाफ कैंडी टेस्ट मैच में मालिंदा पुष्पकुमार की लगातार तीन गेंदों पर छक्के लगाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्तमान सीरीज के चेन्नै में खेले गये मैच में उन्होंने लेग स्पिनर एडम जंपा के खिलाफ भी यह कारनामा किया था।

प्लानिंग करके मारता हूं छक्का

इस ऑलराउंडर से जब पूछा गया तो क्या फिर लंबे शॉट खेलना उनका नैसर्गिक गुण है, उन्होंने कहा, यह केवल हिटिंग से नहीं जुड़ा है। खेल को समझना महत्वपूर्ण होता है। उस समय मुझे लगा कि जंपा गेंदबाजी कर रहे हैं और मैं जानता था कि मैं उस पर किसी भी समय छक्का जड़ सकता हूं इसलिए मैंने 7वें ओवर तक इंतजार किया और उस एक ओवर ने उस मैच के समीकरण बदल दिए थे। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक सोच और खुद पर भरोसे से जुड़ा है। अगर मुझे लगता है कि छक्के लगाना चाहिए तो मैं खेल का आकलन करता हूं और फिर लंबे शॉट खेलता हूं।

उम्मीद पर खरे उतरे पंड्या

पंड्या तीसरे वनडे में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और अपेक्षाओं पर खरे उतरे। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन की रणनीति स्पिनरों पर हावी होने की थी। पंड्या से पूछा गया कि जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो उन्हें क्या संदेश दिया गया था, उन्होंने कहा, संदेश हमेशा सरल होता है। अपना नैसर्गिक खेल खेलो।

निश्चित तौर पर रणनीति स्पिनरों को निशाना बनाने की थी और हम इसमें सफल रहे। उन्होंने कहा, मैं किस नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है। इसे चुनौती के रूप में देखने के बजाय मैं टीम के लिए कुछ खास करने के मौके के रूप में देखता हूं। जब मुझसे कहा गया कि मुझे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए जाना है तो बहुत खुश हुआ। पहली बार मैंने वनडे में इतनी अधिक गेंदें खेली। इसलिए यह शानदार रहा।

बोलिंग भी शानदार

पंड्या अब बल्लेबाजी ही नहीं गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तथा होलकर स्टेडियम की सपाट पिच पर उन्होंने खूबसूरत ऑफ कटर पर डेविड वॉर्नर का विकेट लिया। उन्होंने कहा, मैं तेज ऑफकटर करने का प्रयास कर रहा था। मैंने जब उसे (वॉर्नर को) पहले धीमी गेंद की थी तो समझ गया था कि ऑफकटर की जा सकती है। विकेट काफी सूखा था और कुछ अलग हटकर करने से ही विकेट मिलता।

शेन वार्न पर लगा पॉर्न स्टार के साथ मारपीट का आरोप

लंदन। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न पर पॉर्न स्टार के साथ लंदन के एक क्लब में मारपीट करने का आरोप लगा था लेकिन जांच-पड़ताल के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। वॉर्न ने कहा कि मैं इस तरह के आरोप से काफी हैरान हूं। पुलिस के मुताबिक 48 वर्षीय इस महान स्पिनर से पूछताछ की गई और उन्हें बिना किसी चार्ज के छोड़ दिया गया। शेन वॉर्न ने कहा कि मैं ये खबर पढ़कर हैरान था जिसमें मुझपर आरोप लगे थे कि मैंने एक पॉर्न स्टार के साथ मारपीट की है।

कर्ण, नदीम की फिरकी से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए को रौंदा

विजयवाड़ा। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और बायें हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम ने मैच में आठ-आठ विकेट चटकाए जिससे भारत ए ने आज यहां पहले अनौपचारिक 'टेस्ट' में न्यूजीलैंड ए को पारी और 31 रन से हरा दिया।

स्पिनरों के खिलाफ न्यूजीलैंड की कमजोरी एक बार फिर उजागर हुई जब टीम दूसरी पारी में भी 142 रन पर सिमट गई। मेहमान टी मने पहली पारी में 147 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत ए ने 320 रन का स्कोर खड़ा किया था। दूसरी पारी में कर्ण ने 62 रन देकर चार जबकि नदीम ने 51 रन पर चार विकेट चटकाए। दो विकेट तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर के खाते में गए। कर्ण ने मैच में 120 जबकि नदीम ने 79 रन देकर 8-8 विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड ने दिन की शरुआत दो विकेट पर 64 रन से की और आज 31 . 1 ओवर में अपने बाकी 8 विकेट भी गंवा दिए। पूरी टीम 63 .1 ओवर में सिमट गई।

सलामी बल्लेबाज जार्ज वर्कर (35) और जीत रावल (21) ही दूसरी पारी में 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। यह 4 दिवसीय मैच दो दिन और एक सत्र में खत्म हो गया और इस दौरान मेहमान टीम का कोई भी बल्लेबाज दोनों पारियों में अर्धशतक तक भी नहीं पहुंच पाया। अगला मैच इसी मैदान पर 30 सितंबर से 3 अक्तूबर तक खेला जाएगा।

भारत के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड ने 9 खिलाड़ियों के नाम का किया ऐलान

नईदिल्ली। भारत के खिलाफ 3 एकदिवसीय मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी शुरुआती टीम का ऐलान कर दिया है। अभी सिर्फ 9 खिलाड़ियों के नाम का ऐलान किया गया है। जिसमें कप्तान केन विलियम्सन, मार्टिन गप्टिल, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ड, रॉस टेलर समेत कई अहम खिलाड़ी हैं। 6 खिलाड़ी भारत दौरे पर खेल रही न्यूजीलैंड ए की टीम से चुने जाएंगे। कीवी टीम के कोच माइक हेसन ने इसकी जानकारी दी।हालांकि न्यूजीलैंड के चयनकर्ताओं ने ऑलराउंडर जिमी नीशम और नील ब्रूम को भारत के खिलाफ श्रृंखला में शामिल नहीं किया है। ये दोनों खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा थे लेकिन भारत दौरे के लिए उनका चयन अभी नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड के कोच माइक हेसन ने कहा कि नीशम और ब्रूम इस फैसले से निराश जरुर होंगे लेकिन हमने उनसे कुछ चीजों पर काम करने को कहा है। अगर वो इसमें सुधार लाते हैं तो घरेलू सीजन में वो टीम में आ सकते हैं।

चौथे वनडे पर भी है बारिश का साया, कहीं हो ना जाए मजा खराब

बेंगलुरु। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को खेले जाने वाले चौथे वनडे में भी बारिश विलेन बन सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 से 48 घंटों में बेंगलुरु में भारी बारिश की चेतावनी है। वैसे पिछले 24 घंटों में शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई और मौसम विभाग ने 54 मिली मीटर तक बारिश रिकॉर्ड की। मौसम विभाग ने साफ कर दिया है कि अगले 24 से 48 घंटों में लगातार भारी बारिश हो सकती है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम के क्यूरेटर बारिश की संभावना को देखते हुए पिच को सूखा रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं जिससे की चौथे वनडे मुकाबले में कोई परेशानी ना हो। हालांकि स्टेडियम में इस हालात से निपटने के लिए सारी सुविधाएं मौजूद हैं। अगर मैच के दौरान बारिश हो भी जाती है तो इस तरह की व्यवस्था है कि अंपायर मैच तुरंत शुरू करवा सकते हैं यानी मैदान का ड्रेनेज सिस्टम लाजबाव है साथ ही तकनीकी तौर पर ये स्टेडियम भारी बारिश से निपटने की ताकत रखता है। बारिश की वजह से कोलकाता में भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही टीमों को इनडोर प्रैक्टिस करनी पड़ी थी। इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे से पहले भी यहां कुछ ऐसा ही मौसम था और बारिश की चेतावनी थी लेकिन मैच के दिन बारिश नहीं हुई। बारिश की वजह से चेन्नई वनडे में दो घंटे तक खेल रुका और दूसरी पारी में मैच को घटाकर 21 ओवर का कर दिया गया। पांच वनडे मैचों की सीरीज में भारत 3-0 की अपराजेय बढ़त ले चुका है।

ऑस्ट्रेलिया को झटका उंगली टूटने से एगर वनडे सीरीज से हुए बाहर

नईदिल्ली। टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लगा है। तीसरे वनडे के दौरान उसके लेफ्ट आर्म स्पिनर एश्टन एगर अपनी उंगली तुड़वा बैठे हैं। फील्डिंग के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लगने से वह परेशान थे. आखिकार टीम डॉक्टर ने कहा कि एगर अब सीरीज के बाकी वनडे में नहीं खेल पाएंगे। टीम डॉक्टर ने रिचर्ड सॉ ने कहा, मैच खत्म होने के बाद एगर की उंगली का एक्स-रे कराया गया. जिसमें फ्रैक्चर का पता चला। एगर अब ऑस्ट्रेलिया लौट जाएंगे। जहां वे विशेषज्ञों से सलाह के बाद सर्जरी करवाएंगे। उधर, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया 23 साल के एगर के बाहर हो जाने के बाद मौजूदा सीरीज के बचे हुए दो वनडे के लिए किसी दूसरे खिलाड़ी को नहीं लाएगा। ऐसे में एडम जाम्पा को मौका मिल सकता है। फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई टीम निराशाजनक दौर से गुजर रही है।

कंगारू कप्तान ने इन दो भारतीय खिलाड़ी को लेकर बोल दी ये बड़ी बात



इंदौर। पांच मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया कप्तान स्टीव स्मिथ ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार की जमकर तारीफ की है। स्मिथ ने भुवी और भुमराह को डेथ ओवर का दुनिया का बेस्ट गेंदबाज बताया।

इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर फिंच ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए न टीम को सिर्फ अच्छी शुरुआत दिलाई बल्कि 125 गेंदों पर 124 रन की पारी खेली। मैच में एक समय ऑस्ट्रेलिया टीम का स्कोर 38 ओवर में 242 रन पर दो विकेट था।

उस समय ऐसा लग ऑस्ट्रेलिया टीम 350 रन आसानी से बना लेगी। लेकिन उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के विकेट जल्दी-जल्दी गिरते रहे और कोई भी कंगारू बल्लेबाज पिच पर समय नहीं बिता सका और ऑस्ट्रेलिया टीम 6 विकेट पर 293 रन ही बना सकी। स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ियों ने गलत गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की और जिस कारण हमने विकेट गवा दिए। हालांकि भारतीय टीम की तरफ से अच्छी गेंदबाजी भी गई। मेरा मानना है कि बुमराह और भुवनेश्वर डेथ ओवर के बेहतरीन गेंदबाज हैं। उन्होंने सपाट और धीमी विकेट पर अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा हमें कोई उपाय तलाशना होगा। हमने शुरुआत बहुत अच्छी की थी। पहले 38 ओवर महत्वपूर्ण रहे। हमने शुरुआत में सब कुछ ठीक किया लेकिन आखिर में उसे अंजाम तक पहुंचाने में नाकाम रहे। स्मिथ ने कहा बुमराह और भुवी ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खुलकर आक्रामक बल्लेबाजी करने नहीं दी। स्मिथ ने कहा कि हमने बल्ले से अच्छी शुरुआत करते हुए अपने आप को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया था, लेकिन मेरा मानना है कि अंत में भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और हमने खराब प्रदर्शन किया। अगर स्कोर 330 होता तो परिणाम कुछ और हो सकता था, लेकिन जीत का श्रेय भारत को जाता है।

बिजनेस न्यूज

टाटा मोटर्स की बहुप्रतीक्षित एसयूवी-टाटा नैक्सन लॉन्च

रायपुर। टाटा मोटर्स ने जैन-नैक्सट लाइफ स्टाइल एसयूवी-टाटा नैक्सन के लॉन्च के साथ ही तेजी से बढ़ते कॉम्पैक्ट एसयूवी वर्ग में प्रवेश की घोषणा की है। पर्सनल कार ग्राहकों को लक्षित कर पेश टाटा नैक्सन कंपनी की 'इंपैक्ट डिजाइन' फिलॉसफी पर आधारित चौथा वाहन है। इस में उन ग्राहकों के लिए ग्लोबल और कंटेपरेरी डिजाइन तथा अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ टैक्नोलॉजी एवं खूबियां शामिल हैं जो अपने खुद के अनूठे अंदाज़ में अपने आप को अभिव्यक्त करना जानते हैं। ग्राहकों तथा उनकी आकांक्षाओं को कारोबार के मूल में रखते हुए टाटा नैक्सन पैसेंजर वाहनों के बाजार में अधिक निजी अनुभवों के जरिए भावनात्मक बुलंदियों पर ले जाने वाली पेशकश है। रायपुर एक्स-शोरूम कीमत 5,99,525 रु (पेट्रोल संस्करण) और 6,99,754 रु (डीज़ल संस्करण) की शुरूआती कीमत के साथ टाटा नैक्सन इस श्रेणी में सबसे प्रतिस्पर्धी कीमत पर उपलब्ध एसयूव है जिसमें इस वर्ग में सबसे बेहतरीन खूबियां मौजूद हैं। आज से, टाटा नैक्सन देषभर में टाटा मोटर्स के 650 अधिकृत सेल्स आउटलेट्स पर उपलब्ध है। विवेक श्रीवत्स, हैड-मार्केटिंग, पैसेंजर व्हीकल बिजनेस यूनिट, टाटा मोटर्स ने कहा कि हम भारत में एसयूव सैगमेंट को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं, नैक्सन हमारी नई पीढ़ी के उन ग्राहकों की आकांक्षाओं और व्यवहारिक जरूरतों को पूरा करने वाली पेशकश है जो एसयूवी के लैवल नैक्स का अनुभव करना चाहते हैं।

रायपुर एक्स-शोरूम कीमत 5,99,525 रु

ड्यूलक्स वेलवेट टच ऑटोग्राफ कलेक्शन लांच

मुंबई। एक्जोनोबेल भारत में ड्यूलक्स पेंट्स की निर्माता और एक प्रमुख वैश्विक पेंट्स एवं कोटिंग्स कंपनी है। इसने हाल ही में सुपर प्रीमियम पेंट्स कैटेगरी में अपना नया कलेक्शन पेश किया है। सीमित अवधि वाले इस इमल्शन का नाम है ड्यूलक्स वेलवेट टच ऑटोग्राफ कलेक्शन। यह 50 एक्सक्लूसिव रंगों का एक कलेक्शन है, जिसे कंपनी के ब्रांड ऐम्बेसेडर फरहान अख्तर द्वारा सह-निर्मित किया गया है। ड्यूलक्स के ग्लोबल एस्थेटिक सेंटर में विकसित यह ऑटोग्राफ कलेक्शन पेंट उद्योग में आज तक का एकमात्र सेलीब्रिटी को-क्यूरेटेड इमल्शन हैं। नये लॉन्च के बारे में बताते हुये डेविड टेंग, जनरल मैनेजर, डेकोरेटिव पेंट्स, साउथ एशिया क्लस्टर, एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने कहा कि हमारे अनुसंधान में पता चला था कि देश में कुछ ऐसे ग्राहक हैं, जिन्हें अपने घरों के लिये सही रंगों का चुनाव करने में सहयोग की जरूरत होती है। विभिन्न रंगों की उपलब्धता के कारण ग्राहक इस बात को लेकर असमंजस में पड़ जाते हैं कि आखिर किस एक खास रंग का चुनाव किया जाये। इसलिये, हमने 50 एक्सक्लूसिव और कंटेम्पररी रंगों को एक अनूठे सेलेब एन्डोर्स्ड पैक में पेश करने के बारे में सोचा और इसे ही ड्यूलक्स वेलवेट टच ऑटोग्राफ कलेक्शन का नाम दिया गया है। इस कलेक्शन से ग्राहकों को निश्चित रूप से अपनी पसंद के रंग का चुनाव आसानी से और जल्द करने में मदद मिलेगी। हाल ही में, वेलवेट टच ने पेंट्स कैटेगरी में प्रतिष्ठित 'प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2017' पुरस्कार भी जीता है। 'प्रोडक्ट ऑफ द ईयर' एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणन है। इसके जरिये उपभोक्ता उत्पाद एवं सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ नवाचारों को सम्मानित किया जाता है। यह उत्पाद नवाचारों के लिये दुनिया का सबसे बड़ा पुरस्कार है, जोकि ग्राहकों के मतदान पर आधारित होता है। 'प्रोडक्ट ऑफ द ईयर' पुरस्कार प्राप्त करना खोजपरक उत्पादों का प्रमाण है और वेलवेट टच ने हमेशा ही बाजार में इस तरह के उत्पादों की पेशकश की है। ऑटोग्राफ कलेक्शन को लॉन्च किया जाना इसी दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि है।